ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Demand for Gas in Punjab

*381. SHRI LAJPAT RAI : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether there is any proposal for setting up a Core Study Group for estimation of demand for Natural Gas/Regassified LNG in Punjab;

(b) if so, by when the Group would submit its report to Government;

(c) whether there is any proposal with Government to supply Natural Gas to the industrial units in Punjab at the same price at which it is being supplied to othef units outside Punjab; and

(d) if so, the time frame for the implementation of scheme?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAM NAIK) : (a) No, Sir. However, with reference to such a proposal received from the Punjab State Industrial Development Corporation (PSIDC), the Ministry of Petroleum and Natural Gas had advised the PSIDC to engage a professional consultancy/agency in this regard; PSIDC has since decided to entrust the task to M/s Tata Energy Research Institute (TERI).

(b) Does not arise.

(c) No, sir.

(d) Does not arise.

लाला लाजपत रायः सभापति महोदय, मैं यह जानना चाहता हूम कि पंजाब इंडस्ट्री और आटोमोबाइल्स व्हीकल्स की बहुतायत हो गयी है जिसकी वजह से पॉल्यूशन बहुत फैसला जा रहा है। क्या सरकार इस बारे में ध्यान दे रही है? इंडीस्ट्रीज की वजह से पीने के पानी के अंदर भी पॉल्यूशन आ गया है तो क्या सरकार इस बात को ऐक्सप्लायट करने की कोशिश कर रही है कि वहां पर इंडस्ट्री के लिए जो गैस लगती है, उनको जल्दी से जल्दी अवेलेबल कराने का बंदोबस्त किया जाए?

श्री राम नाईकः सभापति जी, इस समय पंजाब में कोई गैस की उपलब्धता नहीं है और इसलिए क्या पंजाब में गैस उपलब्ध हो सकती है, हो सकती है तो किस कीमत पर होगी, उसके लिए ग्राहक कितने मिलेंगे-इसके बारे में अध्ययन करने की आवश्यकता थी। इस संबंध में पैट्रोलियम मिनिस्टरी ने पंजाब सरकार को यह कह दिया कि आप पहले इसका अध्ययन करिए कि क्या आपको इस प्रकार की जरूरत होगी और पंजाब सरकार ने पंजाब स्टेट इंडिस्ट्रियल

डैवलपमेंट कार्पोरेशन के साथ चर्चा करके टाटा ऊनर्जी रिसर्ज इंस्टीट्यूट को यह काम दिया है कि वह पंजाब की रिक्वायरमेंट, गैस की उपलब्धता, उसकी इकॉनमी पर अध्ययन करे और जब उसकी रिपोर्ट आएगी, फिर पंजाब सरकार हमको यह बताएगी। इसी भूमिका में सारा अध्ययन पंजाब सरकार पंजाब टाटा ऊनर्जी रिसर्ज इंस्टीट्यूट के माध्यम से कर रही है। जब उसके निर्णय उपलब्ध होंगे तो इस बात पर आगे विचार किया जा सकता है।

लाला लाजपत रायः सर मिनिस्टरी ऑफ पैट्रोलियम और नैचुरल गैस ने पंजाब में पी0एस0आई0डी0सी0 को एक ऊक्सपर्ट एजेंसी नियुक्त करने के लिए कहा है। क्या आप बताएंगे कि वह कब कहा गया और कब तक उसकी रिपोर्ट आने की उम्मीद है?

श्री रामनाइकः यह जो स्टडी ग्रुप है, हमने पंजाब सरकार को 28 दिसम्बर, 1999 को लिखित तौर पर यह बताया कि इस प्रकार का एक स्टडी ग्रुप अध्ययन के लिए बनाइए और फिर पंजाब स्टेट इंडस्ट्रीयल डैवलपमेंट कार्पोरेशन को 27 जनवरी, 2000 में पत्र लिखकर उनकी अपांइटमेंट करने की दृष्टि से पहल की है। और यह कहा है कि इसकी रिपोर्ट जल्दी से जल्दी दें। तो अब टाटा कंसल्टेंसी पंजाब सरकार को कब रिपोर्ट देगी, यह तो पंजाब सरकार और टाटा इंस्टीट्यूट के बीच की बात है लेकिन हम यह जरूर जानना चाहेंगे। इसी प्रकार से हमने चर्चा भी की थी कि जितनी जल्दी रिपोर्ट आएगी उतना अच्छा होगा लेकिन समय की मर्यादा मैं नहीं दे सकता।

MR. CHAIRMAN : Is the question related to Punjab ?

SHRI C. RAMACHANDRAIAH : Sir, it is about Andhra Pradesh.

MR. CHAIRMAN : Then I will not allow it because this question is specifically related to Punjab.

श्री एस0एस0 अहलुवालियाः सभापति महोदय, क्या पंजाब पॉल्यूशन बोर्ड ने कोई ऊसी अनुशंसा की है जिसके माध्यम से उन्होंने कहा है कि मंडी गोविंदगढ़ जो कि "स्टील सिटी" के नाम से जाना जाता है और पंजाब के जितने भी फर्टिलाइज़र प्लांट्स हैं, उनकी एनर्जी और रॉ मैटीरियल गैस बेस्ड कर दिया जाए? अगर ऊसी अनुशंसा की गई है तो उस पर केन्द्रीय सरकार क्या कार्यवाही कर रही है?

श्री राम नाइकः पंजाब सरकार के अलग-अलग उद्योगों के जितने भी सवाल हैं, उसकी चर्चा पंजाब सरकार और उनकी जो इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन है, वह कर रही है और उसी के लिए तो उन्होंने यह कंसल्टेंसी सर्विस नियुक्त की है। इस समय मेरे पास ऊसी कोई जानकारी नहीं है कि हमें इसके बारे में लिखा गया हो लेकिन यदि लिखा भी गया होगा तब भी यह बात पंजाब सरकार तय करेगी और फिर उसका अध्ययन होगा।